कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री अर्जुन मीना ग्राम प्यारीवास पोस्ट मानपुरियाँ तहसील नॉगल राजावतान जिला दौसा राजस्थान–303505

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा, जिला दौसा
अपील सं0 34/2019

निर्णय

दिनांक : 20.08.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा, जिला दौसा को सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर अपीलांट ने यह अपील इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलक्टर) दौसा, जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति पत्रांकःडी0एम0/कोर्ट/2019/1550 दिनांक 24.07.2019 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलक्टर) दौसा, जिला दौसा द्वारा उनके पत्रांक आरटीआई/2019/648 दिनांक 19.08.2019 द्वारा इस कार्यालय को अवगत कराया गया है कि लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) तहसील नांगल राजावतान, जिला दौसा ने पत्रांक भू0अ0/2019/1786 दिनांक 02.08.2019 द्वारा आवेदक को सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। जिसकी छायाप्रति भी संलग्न भिजवाई गई है उक्त पत्रादि पत्रावली में संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(अखिल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official